# गैराज की सुरक्षा के लिए जांच-सूची

## शुरू होने से पहले ही आग को खत्म करें और खतरनाक कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) जहर को रोकें!

**गैराज में आग की घटनाएं, ब्रैम्पटन में आग लगने का #2 कारण हैं। गैराज में होने वाली कई गतिविधियां असुरक्षित होती हैं और आग लगने या CO जहर फैलने का कारण बन सकती हैं।**

**इन सुरक्षा सुझावों का पालन करें और जानें कि कौन-सी असुरक्षित गतिविधियों से परहेज करना है, चाहे गैराज का दरवाजा खुला हो:**

### सुरक्षित स्टोरेज/रिफ्यूल करने संबंधी सुझाव:

- ✓ खतरनाक सामग्रियों को ताप, चिंगारियों या आंच के किसी भी स्रोत से दूर स्टोर करें। इनमें वे इलेक्ट्रिक मोटर्स भी शामिल हैं, जिनमें से चालू या बंद होने के समय चिंगारियां निकल सकती हैं।
- ✓ गैसोलाइन को अच्छी तरह से बंद किए, लेबल लगाए और मंज़ूरी प्राप्त कंटेनर्स में स्टोर करें। आप अधिकतम 30 लिटर तक की मात्रा स्टोर कर सकते हैं।
- ✓ सावधान रहें; गिरा हुआ फ्यूल आसानी से आग लगने या गंभीर जलन का कारण बन सकता है। गिरे हुए सारे फ्यूल और खतरनाक तरल को तुरंत साफ करें।
- ✓ उपकरण (लॉन काटने वाले, स्नो ब्लोअर आदि) को रिफ्यूल केवल ठंडा होने पर ही करें।




### सुरक्षित निपटान के सुझाव:

- ✓ धुएं संबंधी सामग्रियों को सीधे कूड़े में खाली करने से परहेज करें। सिगरेट के टुकड़े और राख को पहले पानी में डालें और फिर कूड़े के डिब्बे में फेंकें। धुएं वाली सामग्री जैसे सिगरेट के टुकड़े का निपटान गहरी, ठोस एशट्रे में करें।
- ✓ तेल वाली और घोल वाली गीली वस्तुओं को मेटल के कंटेनर में अच्छी तरह से ढक्कन लगाकर रखें।
- ✓ निपटाने से पहले सभी रिचार्ज होने योग्य और 9 वोल्ट बैटरियों के सिरों पर टेप लगाएं। रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के बैटरी रिसाइकलिंग प्रोग्राम के बारे में जानकारी के लिए उन्हें संपर्क करें।
- ✓ ज्वलनशील और दहनशील पदार्थों का अकसर निपटान करें, जिनकी जरूरत न हो या प्रयोग न किए जाते हों।




BRAMPTON FIRE EMERGENCY SERVICES

905.458.5580
bramptonfire.com
firelife@brampton.ca


BramptonFire
@BramptonFireES


BRAMPTON

# गैराज की सुरक्षा के लिए जांच-सूची

## सुरक्षित इलेक्ट्रिकल सुझाव:

| | |
|---|---|
| ✓ | अतिरिक्त सर्किटों, आउटलेटों का मुआयना करने और स्थापित करने के लिए और अपने इलेक्ट्रिकल सिस्टम की किसी भी मुरम्मत को पूरा करने के लिए हमेशा लाइसेंसधारी इलेक्ट्रिकल ठेकेदार का प्रयोग करें। लाइसेंसधारी ठेकेदार ढूंढने के लिए इलेक्ट्रिकल सेफ्टी अथॉरिटी **(Electrical Safety Authority) (ESA)** को संपर्क करें। |
| ✓ | किसी सर्किट को ओवरलोड करने से परहेज करें; यह निर्धारित करने के लिए कि क्या अतिरिक्त आउटलेट्स या सर्किटों की जरूरत है, लाइसेंसधारी इलेक्ट्रिशियन से मशविरा करें। |
| ✓ | एक्सटेंशन तारें बिना आउटलेट वाले भागों में अस्थायी पावर लाती हैं। वे लंबी-अवधि के प्रयोग या स्थायी वायरिंग को बदलने के लिए तैयार नहीं की होती हैं। |
| ✓ | खुद को करंट लगने से बचाएं; अपने गैराज में मौजूद आउटलेट्स सहित, सभी बाहरी आउटलेट्स पर ग्राउंड फॉल्ट सर्किट इंटरप्टर्स **(Ground Fault Circuit Interrupters) (GFCI)** इंस्टॉल करें। |
| ✓ | यदि यंत्रों, टूल्स या उपकरण में से चिंगारी निकले, ओवरहीट हो या रुकावट आए, तो उनका प्लग निकाल दें और किसी डीलर या योग्य उपकरण सर्विस टेक्नीशियन से उनकी जांच करवाएं। |
| ✓ | ओनर मेनुअल में दिए गए निर्देशों को पढ़कर और उनका पालन करके इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करें। |







## असुरक्षित गतिविधियां:

| | |
|---|---|
| ✗ | कभी भी गैराज में भोजन न पकाएं या बार्बेक्यु न करें। |
| ✗ | कभी भी प्रोपेन या अन्य फ्यूल से जलने वाले हीटर, उपकरण या जेनरेटरों का प्रयोग न करें। |
| ✗ | कभी भी गैराज में वाहन, फ्यूल वाला इंजन या मोटर न चलाएं (जैसे, लॉन काटने वाले, स्नो ब्लोअर)। |
| ✗ | कभी भी गैराज या घर के अंदर धूम्रपान न करें; धूम्रपान करने वालों को बाहर जाकर पीने के लिए कहें। |
| ✗ | कभी भी सिगरेट के टुकड़े उस सामान में न फेंकें, जो जल सकता हो (जैसे वनस्पति, गमले में लगे पौधे)। |
| ✗ | प्रोपेन गैस सिलंडरों को अपने गैराज या घर में स्टोर न करें। यदि रिसाव वाले वाष्प किसी ज्वलनशील स्रोत के संपर्क में आते हैं तो विस्फोट हो सकता है (जैसे इलेक्ट्रिकल उपकरण)। |




**याद रखें: आग लगने की संभावना को कम करने के लिए, अपने गैराज को साफ सुथरा रखें।**